# माटीकला मेले में हुई 4.20 करोड़ रुपये की बिक्री

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** हस्तशिल्पियों की आय बढ़ाने के लिए शुरू किए गए माटीकला मेलों में बिक्री का नया रेकॉर्ड बना है। इस साल माटीकला मेलों में रिकॉर्ड 4.20 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हुई है। इसमें सबसे अधिक बिक्री लखनऊ में आयोजित 10 दिवसीय माटीकला महोत्सव में हुई है। लखनऊ में 1.22 करोड़ रुपये की बिक्री हुई। इन सभी मेलों में कुल 691 दुकानें लगाई गईं और 4,20,46,322 की बिक्री हुई। यह पिछले वित्तीय वर्ष में दर्ज कुल बिक्री 3,29,28,410 की तुलना में 91,17,912 अधिक है, जो करीब 27.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है।

**70 जिलों में बड़े स्तर पर हुई खरीदारी :** लखनऊ के खादी भवन में 10 से 19 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 10 दिवसीय माटीकला महोत्सव में 56 दुकानों द्वारा 1,22,41,700 की बिक्री हुई। गोरखपुर, आगरा, कानपुर देहात और मुरादाबाद में 13 से 19 अक्टूबर तक आयोजित 07 दिवसीय क्षेत्रीय मेलों में 126 दुकानों ने 78,84,410 का विक्रय किया। इसी क्रम में प्रदेश के 70 जनपदों में 17 से 19 अक्टूबर तक आयोजित 03 दिवसीय लघु माटीकला मेलों में 509 दुकानों के माध्यम से 2,19,20,212 की बिक्री दर्ज की गई।

लखनऊ, गोरखपुर, आगरा, कानपुर देहात और मुरादाबाद के मेलों में बढ़ी खरीदारी

